हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, गुरुवार 17 जुलाई 2025


तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री


14 विश्व कौशल दिवस पर बेटियों के लिए हुई कैरियर काउंसिलिंग



13 मत्स्य पालकों ने अध्यक्ष को बताई समस्याएं, दिया आश्वासन






स्थापना वर्ष 2014
VIPS
आइये मेडिकल के क्षेत्र में अपना भविष्य बनायें...
विजन पैरामेडिकल
INFORMATION | CAREER GUIDANCE | ADMISSION
COUNSELING & COACHING CENTER
प्रवेश प्रारंभ
गुणवत्ता युक्त एवं विश्वसनीय सेंटर
सभी पाठ्यक्रम छत्तीसगढ़ में नौकरी एवं रजिस्ट्रेशन हेतु मान्य है।
मो.: 9340751120, 9131330801, 7869622725
गर्ल्स हॉस्टल सुविधा उपलब्ध
पता : कोबिया सृजन ITI के पीछे, बेमेतरा (छ.ग.)
योग्यता - 12वीं (जीव विज्ञान)
COURSES
BACHELOR IN MED.LAB.TECHNICIAN - 3 Years
DIPLOMA IN MED.LAB.TECHNICIAN - 2 Years
DIPLOMA IN AYURVEDIC PHARMACY - 2 Years
DIPLOMA IN X-RAY TECHNICIAN - 2 Years
DIPLOMA IN OPTHELMIC TECHNICIAN - 2 Years
CERTIFICATE IN OT TECHNICIAN - 1 Years



B.M. COLLEGE
BCA BBA
PGDCA B.Ed.
आई.टी.आई.
कोपा
इलेक्ट्रिशियन
हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर
डीजल मैकेनिक
फायर टेक्नालॉजी
स्टेनो हिन्दी
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
9303893829, 9300850065


बीएमओ के नाम पर अनावश्यक दबाव बनाते हैं और धमकी देकर मानसिक रूप से प्रताड़ित करते हैं

# स्वास्थ्य पर्यवेक्षक पर अभद्रता करने का आरोप, हटाने की मांग कर्मचारी बिफरे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

स्वास्थ्य विभाग ब्लॉक साजा अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र देवकर में पदस्थ सेक्टर पर्यवेक्षक विनोद जैन के विरुद्ध नाराज़गी चरम पर पहुँच गई है। उनके व्यवहार से त्रस्त होकर क्षेत्र के सभी स्वास्थ्य कर्मचारी लामबंद हो गए हैं। कर्मचारियों का आरोप है कि विनोद जैन न तो नियमित रूप से कार्यालय आते हैं और न ही क्षेत्रीय भ्रमण करते हैं, फिर भी वे कर्मचारियों पर अनावश्यक दबाव और धमकी देकर मानसिक रूप से प्रताड़ित करते हैं।

कर्मचारियों ने बताया कि विनोद जैन बार-बार कहते हैं कि बीएमओ मेरा आदमी है, और इसी के आधार पर वे कर्मचारियों को निलंबन या स्थानांतरण की धमकी देते रहते हैं। साथ ही शनिवार को आयोजित होने वाली सेक्टर बैठक का समय प्रातः 10 बजे से अपराह्न 2 बजे तक निर्धारित है, किन्तु वे कर्मचारियों को बलपूर्वक सायं 4-5 बजे तक रोके रखते हैं। दूसरी ओर वे स्वयं न तो



मुख्यालय में निवास करते हैं, न ही नियमित उपस्थिति दर्ज कराते हैं।

### नियम नहीं, निरीक्षण नहीं केवल धमकी

स्वास्थ्य कर्मियों ने बताया कि पर्यवेक्षक न तो टीकाकरण सत्रों में भाग लेते हैं और न ही नियत कार्यक्रम के अनुसार क्षेत्रीय दौरे करते हैं। वे अपनी सुविधा अनुसार कहीं भी जाकर कुछ तस्वीरें खींचकर उन्हें कार्यालय समूह में साझा करते हैं, जिससे कर्मचारियों की छवि धूमिल करने का प्रयास किया जाता है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों में प्रगति कम दर्शाकर बार-बार फटकारा जाता है, जबकि अधिकांश उप-स्वास्थ्य केंद्रों में स्टाफ की भारी कमी है। नव नियुक्त कर्मचारियों को परिवीक्षा अवधि पूर्ण नहीं होने की धमकी दी जाती है, जबकि वे सभी ऑनलाइन तथा ऑफलाइन कार्य नियमित रूप से कर रहे हैं।

### ब्लॉक अध्यक्ष के साथ दुर्व्यवहार

स्वास्थ्य संयोजक कर्मचारी संघ की ब्लॉक अध्यक्ष श्रीमती कविता वानखेड़े के साथ भी विनोद जैन द्वारा अभद्र व्यवहार किया गया, जिसकी लिखित शिकायत खंड चिकित्सा अधिकारी (बीएमओ) डॉ. अश्विनी वर्मा को पूर्व में दी जा चुकी है। परंतु अब तक कोई कार्रवाई न होने से कर्मचारियों के मन में यह संदेह उत्पन्न हो रहा है कि क्या बीएमओ वास्तव में पर्यवेक्षक के निर्देश पर कार्य कर रहे हैं?

### कलेक्टर और सीएमओ को सौंपा गया ज्ञापन

समस्त स्वास्थ्य कर्मचारियों ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएचएमओ), बेमेतरा से मांग की है कि विनोद जैन को तत्काल देवकर सेक्टर से हटाया जाए तथा पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कर कड़ी कार्रवाई की जाए। साथ ही चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं होती है, तो ब्लॉक एवं ज़िला स्तर पर बीएमओ, सीएचएमओ और ज़िला कलेक्टर कार्यालय का घेराव किया जाएगा। यह मामला प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री महोदय के समक्ष भी प्रस्तुत किया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### बीईओ से आत्मनंद स्कूल के शिक्षकों ने की भेंट



**बेमेतरा।** स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट कन्या हिंदी माध्यमिक विद्यालय के प्रधान पाठक रामेश्वर प्रसाद बंजारे संकुल समन्वयक पूनम कुमार साहू तथा विद्यालय के शिक्षक _शिक्षिकाओं द्वारा नव पदस्थ बी ईओ कामिनी महिलांग से सौजन्य भेंट की गई।
इस अवसर पर विद्यालय की शैक्षणिक प्रगति, छात्राओं की उपलब्धियाँ एवं भविष्य की योजनाओं पर सार्थक चर्चा की गई। श्रीमती महिलांग ने विद्यालय परिवार के प्रयासों की सराहना करते हुए भविष्य में हर संभव सहयोग देने का आश्वासन दिया।

### भाई पर हमला करने वाला पुलिस गिरफ्त में

**भिलाई।** पुरानी रंजिश के चलते अपने चचेरे भाई को तलवारनुमा हथियार से प्राणघातक हमला करने के मामले में पुलिस ने फरार आरोपी को पकड़ लिया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि ग्राम झीठ निवासी हुसैन मोहम्मद डॉयल 112 में कॉल कर सूचना दिया कि बेटा इकबाल मोहम्मद अपनी पान दुकान में बैठा था। तभी उसका चचेरा भाई आरोपी अनीस उर्फ हनीफ मोहम्मद बाइक से पहुंचा। इकबाल से अपनी पत्नि के साथ हुए विवाद के चलते आरोपी की पत्नि उसका घर छोड़कर चली गई थी। इकबाल ने अनीस की पत्नि को उसके पिता से फोन पर बात कराया था। इससे नाराज होकर आरोपी अनीस ने इकबाल पर जान से मारने की फिराक में था। आरोपी अनीस उर्फ हनीफ को मौका मिलते ही मोहम्मद इकबाल को देखगाली गलौज करने लगा। विरोध करने पर आरोपी अनीस से तलवार से पीछे में सिर पर हमला कर जान से मारने का प्रयास किया।

# बिना अनुमति खेत में जेसीबी से मुरुम की खुदाई हाईवा व डंपर किया जब्त



हरिभूमि न्यूज. ▶▶| साजा-परपोडी

गभराडीह में उस वक्त हड़कंप मच गया जब किसान बीसवंत साहु ने अपने खेत से अवैध रूप से मुरुम की खुदाई होते हुए देखा। खेत में बिना अनुमति के एक जेसीबी और एक डंफर घुसकर ज़ोर-शोर से खुदाई कर रहे थे। जब किसान खेत पर पहुँचा, तो उसने देखा कि उसके खेत से मुरुम निकालकर डंफर में भरा जा रहा है और लगातार बाहर भेजा जा रहा है। किसान ने मौके पर ही काम रुकवाया और तुरंत एसडीएम और पुलिस को सूचना दी। खेत मालिक का आरोप है कि न तो किसी ने उससे पूर्व अनुमति ली और न ही किसी सरकारी आदेश की जानकारी दी गई। उन्होंने इसे सीधी मुरुम चोरी और ▶▶| शेष पेज 13 पर

- किसान का फूटा ग़ुस्सा, तहसीलदार ने मौके पर की कार्रवाई

### हाईवा किया जब्त

मौके पर, तहसीलदार देवकर ने कार्रवाई करते हुए हाईवा और डंफर को थाना परपोडी में सुरक्षात्मक दृष्टि से रखा है। इस कार्रवाई में तहसीलदार देवकर के साथ हल्का पटवारी और पुरी थाना स्टाफ उपस्थित रहे। किसान की शिकायत पर जांच करने पर अवैध खनन के साथ जेसीबी हाईवा जब्त की आगे की जांच जारी है।
- बलराम तंबोली, तहसीलदार देवकर

# एनएचएम कर्मियों ने थाली बजाकर किया प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के संविदा कर्मचारियों ने बुधवार को अपनी विभिन्न मांगों को लेकर जिला मुख्यालय में जोरदार प्रदर्शन किया। तहसील कार्यालय के पास जुटे सैकड़ों कर्मचारियों ने ताली-थाली बजाकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की और रैली निकालकर कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शन कर रहे कर्मचारियों की प्रमुख मांगों में नियमितीकरण, ग्रेड-पे, मेडिकल अवकाश की सुविधा, तथा 27 प्रतिशत लंबित वेतन वृद्धि शामिल है। प्रदेश प्रवक्ता पूरन दास ने चेतावनी दी कि हमने 100 से अधिक बार शासन से गुहार लगाई है, लेकिन कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया। यदि 15 दिनों के भीतर मांगों का समाधान नहीं हुआ तो यह आंदोलन प्रदेशव्यापी अनिश्चितकालीन हड़ताल में बदल जाएगा। जिला संगठन प्रमुख बृजेश दुबे एवं प्रमोद साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री की गारंटी में स्पष्ट उल्लेख है कि एनएचएम संविदा कर्मचारियों की समस्याओं का निराकरण किया जाएगा। इसके बावजूद अब तक केवल आश्वासन ही मिले हैं। प्रदर्शन में शामिल कर्मचारियों ने कहा कि कोरोना काल में उन्हें 'कोरोना योद्धा' कहा गया, लेकिन अब उनकी सेवाओं की अनदेखी की जा रही है। वर्तमान में ग्रामीण से लेकर शहरी क्षेत्रों की अधिकांश स्वास्थ्य सेवाएं एनएचएम कर्मचारियों के भरोसे संचालित हो रही हैं। यदि इनकी मांगें नहीं मानी गईं तो इसका सीधा असर प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं पर पड़ेगा। इस प्रदर्शन ▶▶| शेष पेज 13 पर

- 20 वर्षों से लंबित नियमितीकरण और वेतन वृद्धि की मांग

# शासकीय कर्मचारियों की 11 सूत्रीय मांगों को लेकर फेडरेशन ने सौंपा ज्ञापन




हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

छत्तीसगढ़ अधिकारी-कर्मचारी फेडरेशन, जिला बेमेतरा द्वारा बुधवार को प्रदेश के शासकीय सेवकों की लंबित मांगों को लेकर मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय एवं मुख्य सचिव छत्तीसगढ़ शासन के नाम एक ज्ञापन सौंपा गया। इसमें महंगाई भत्ते का एरियर सहित भुगतान एवं अन्य 11 सूत्रीय मांगों के शीघ्र निराकरण की मांग की गई।

फेडरेशन के प्रतिनिधिमंडल ने कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा और जिले में शासकीय सेवकों के कर्मचारी भवन के लिए भूमि आबंटन तथा जिलास्तरीय परामर्शदात्री समिति की बैठक में लिए गए निर्णयों के पालन को लेकर कलेक्टर महोदय से विस्तार से चर्चा की। इस दौरान फेडरेशन के जिला संयोजक अश्वनी बेनर्जी, महासचिव नानक साहू, हितेन्द्र सिन्हा (जिलाध्यक्ष), गैंन्दलाल खुटियारे, बलदऊ पटेल (शिक्षक संघ), वी. के. ठंडन, राजेश जायसवाल (स्वास्थ्य विभाग), आर. के. वर्मा (जिलाध्यक्ष पेंशनर्स), के. पी. तिवारी, रोमनलाल जायसवाल (संरक्षक) सहित विभिन्न विभागों एवं संगठनों के अधिकारी-कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

इस मौके पर के. एस. परते, हेमंत खरे, चिंताराम साहू, जनकराम साहू, सनत वैष्णव, सीताराम ध्रुव, आनंद भूषण, वीरेंद्र यादव, सोहन साहू, मार्कण्डेय साहू, आर. के. डडसेना, समयलाल साहू, आनंद पटेल, कपिल वर्मा, गोकुल बंजारे, मनहरण माली, बिश्राम वर्मा, लालसिंह ठाकुर, कैलाश ▶▶| शेष पेज 13 पर

- महंगाई भत्ते सहित लंबित मांगों के शीघ्र निराकरण की मांग, कलेक्टर से भी हुई चर्चा

# नारायणपुर में गांजा और अवैध शराब बिक्री रोकने सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/नारायणपुर

नारायणपुर में अवैध रूप से चल रहे शराब, गांजा और जुए के अड्डों को बंद कराने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने सरपंच बिसाहू राम साहू के नेतृत्व में मारो चौकी पहुंचकर ज्ञापन सौंपा।

ग्रामीणों का कहना है कि गांव में इन दिनों मंदिर, तालाब, स्कूल परिसर और अन्य सार्वजनिक स्थलों पर शराब और गांजा पीने वालों की संख्या लगातार बढ़ रही है। ये लोग नशे की हालत में गाली-गलौज, मारपीट और झगड़ा करते हैं, जिससे गांव का माहौल अशांत हो गया है। महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं।

ज्ञापन में यह भी मांग की गई है कि गांजा और शराब बेचते पाए जाने वालों पर 20 हजार रुपये का जुर्माना लगाया जाए। इसके अलावा जो लोग सार्वजनिक स्थानों पर शराब या गांजा पीते हुए, गाली-गलौज या मारपीट करते हुए पाए जाएं, उन पर 10 हजार रुपये का जुर्माना हो। इसी प्रकार यदि कोई व्यक्ति सार्वजनिक स्थानों पर ताश, जुआ या मोबाइल से सट्टा खेलते पाया जाता है, तो उस पर भी 10 हजार रुपये का दंड निर्धारित किया जाए।

सरपंच बिसाहू राम साहू ने बताया कि गांव में असामाजिक तत्वों की सक्रियता बढ़ गई है, जो खुलेआम नशे का सेवन कर रहे हैं। इससे गांव का वातावरण दूषित हो रहा है और युवा वर्ग बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। महिलाओं और वरिष्ठ नागरिकों को भी काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि अविलंब ऐसे अवैध कार्यों पर रोक लगाई जाए। ज्ञापन सौंपने वालों में सरपंच बिसाहू राम साहू के साथ राजकुमार साहू, बल्ला ठाकुर, सुरेश निर्मलकर, सलिकराम साहू ▶▶| शेष पेज 13 पर

बूढ़ेश्वर महादेव मंदिर में विधिवत जलाभिषेक कर श्रद्धालुओं की यात्रा का शुभारंभ

# 120 कांवर यात्रियों की टोली बैजनाथ धाम में जलाभिषेक के लिए रवान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़

श्रावण मास के पावन अवसर पर महाकाल कांवरिया समिति नवागढ़ के 120 शिवभक्तों की टोली सोमवार को बोल बम, हर-हर महादेव के जयघोषों के साथ कांवर यात्रा पर रवाना हुई। नगर के प्राचीन बूढ़ेश्वर महादेव मंदिर में विधिवत जलाभिषेक कर श्रद्धालुओं ने यात्रा का शुभारंभ किया। कांवरियों को नवागढ़ के नगर प्रधान विकास धर दीवान ने पूजा-अर्चना के बाद ध्वज दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि श्रावण मास भगवान शिव की आराधना का विशेष अवसर होता है। कांवर यात्रा केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि यह संकल्प, संयम, सेवा और सामाजिक एकता का प्रतीक भी है। हमारे



नवागढ़ नगर से इतनी बड़ी संख्या में युवाओं और श्रद्धालुओं का इस कठिन यात्रा में भाग लेना गर्व की बात है। यह भावी पीढ़ी के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने आगे कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजनों से नगर की सांस्कृतिक पहचान मजबूत होती है और युवाओं में आध्यात्मिक चेतना का विकास होता है। उन्होंने समिति को इस आयोजन के लिए बधाई दी।

**सुल्तानगंज से गंगा जल लेकर पदयात्राः** यह सभी कांवरिये बिहार के सुल्तानगंज से गंगा जल लेकर पदयात्रा करते हुए झारखंड स्थित बाबा बैजनाथ धाम (देवघर) में जल अर्पण करेंगे। यात्रा से पूर्व मंदिर परिसर में सामूहिक पूजा-अर्चना कर सभी ने सुख-शांति और सफल यात्रा की प्रार्थना की।

कांवर यात्रा में महाकाल कांवरिया समिति से मिंटू बिसेन, सतीश सोनी, अभिषेक पाठक, रामनारायण श्रीवास, हेमा यादव, मनीष श्रीवास, प्रशांत दीवान, सैबी खुराना, रिंकू चौहान, कन्हैया यादव, मोनू तंबोली, सूरज तंबोली, राज सेन, संजू निषाद, पिंटू गुप्ता, हरेराम, राजा सिन्हा, ऋषि सोनी, राकेश वैष्णव, तिलक सिन्हा, रोशन, भुरू पाल, गोलू निषाद, नवल निषाद, देवेंद्र गौर, रामप्रसाद सहित अन्य शिवभक्त शामिल हुए।

# स्व सहायता समूह की महिलाओं ने साफ सफाई से देउरगांव को बनाया चकाचक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

साजा विकासखण्ड की देऊरगाँव की जय गोंडवाना महिला स्व सहायता समूह की महिलाएं अपने गांव में घर-घर जाकर स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने, साफ सफाई बरतने एवं विभिन्न बीमारियों के प्रति जागरूक करने व प्रेरित करने के उद्देश्य से बहुत ही अनुकरणीय कार्य कर रही है। साथ ही समूह की महिलाएं अपने अध्यक्ष शांति नेताम के साथ मिलकर चौक चौराहा, गोठान, मंदिर, गली, सड़क, परिसर, गली मोहल्ला, विद्यालय परिसर, एवं सार्वजनिक जगहों की साफ सफाई करने का अत्यंत ही सराहनीय कार्य कर रही है। जिसकी सर्वत्र प्रशंसा की जा रही है। गोबर से कंपोस्ट खाद बनाकर विक्रय करने का भी कार्य चुकी है और इस तरह वे आत्मनिर्भर भी हो रही है। हर सप्ताह यह समूह की महिलाएं अपने अध्यक्ष शांति नेताम के नेतृत्व में एकत्रित होती है और अपने गांव के साफ सफाई के अभियान में जी जान से जुट जाती हैं। गली गली, चौक चौराहे में डस्टबिन लेकर के साफ सफाई में भीड़ जाती हैं और अपने गांव की गलियों को, चौक चौराहे को साफ सुथरा रखने में उल्लेखनीय योगदान देती हैं। इसके अलावा गली-गली में और दीवारों में पोस्टर चिपका कर तथा दीवारों पर स्लोगन लिखकर लोगों को साफ सफाई और स्वच्छता के प्रति तथा बीमारियों के प्रति जागरूक भी करती हैं। जय गोंडवाना स्व सहायता समूह की अध्यक्ष शांति नेताम ने बताया कि गांव को स्वच्छ बनाने की पहल में ग्राम पंचायत देऊरगांव में स्वच्छाग्रही समूह द्वारा बाजार, प्रतीक्षालय, चौक चौराहा, धार्मिक एवं सार्वजनिक स्थानों की साफ-सफाई करती है। और सप्ताह में एक दिन घर घर ▶▶| शेष पेज 13 पर

- पीएम मोदी ने मन की बात में समूह के कार्यों की थी तारीफ

# पांच दिनों के बाद शाम को बारिश, उमस से मिली राहत

## मौसम विभाग ने जारी की दो दिन बाद भारी बारिश की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

पांच दिनों के बाद मंगलवार की रात करीब 8 बजे अच्छी बारिश हुई। पिछले दो दिनों से बादल आ रहे थे लेकिन कहीं -कहीं चंद मिनट तक ही बरसते। जिसकी वजह से लोगों को धूप व बदली से उमसभरी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। बारिश होने से लोगों को इस दिक्कत से राहत मिली। मौसम विभाग ने दो दिन बाद भारी बारिश की चेतावनी दी है। 16 व 17 जुलाई को हल्की व मध्यम बारिश अलग-अलग क्षेत्रों में हो सकती है। मौसम विभाग ने बताया कि एक सिस्टम वायुमंडल में सक्रिय है।

### मौसम में ऐसा बदलाव

मौसम विभाग के मुताबिक एक चिन्हित निम्न दाब का क्षेत्र उत्तर झारखंड और उससे लगे दक्षिण बिहार के ऊपर स्थित है। इसके पश्चिम उत्तर पश्चिम दिशा में आगे बढ़ते हुए झारखंड दक्षिण बिहार, पूर्वी उत्तर प्रदेश की तरफ अगले 24 घंटे में आगे बढ़ने की संभावना है। मानसून द्रोणिका बीकानेर, उत्तर राजस्थान, हमीरपुर, उत्तर झारखंड, कोंटई और उसके बाद पूर्व दक्षिण पूर्व की ओर उत्तर पूर्व बंगाल की खाड़ी तक स्थित है। 16 जुलाई को अनेक स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है।



### चार डिग्री सेल्सियस बढ़ा तापमान

दुर्ग जिले में अधिकतम तापमान में हर दिन बढ़ोतरी हो रही है। मंगलवार को औसत अधिकतम तापमान में 4 डिग्री सेल्सियस बढ़ गया था। अधिकतम तापमान 34.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज की गई है। न्यूनतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन नहीं दिखा। न्यूनतम तापमान 24.4 डिग्री सेल्सियस रहा। एक दिन पहले यानी सोमवार को अधिकतम तापमान 33.6 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 24.2 डिग्री सेल्सियस था।

### अब तक 311.3 मिमी औसत बारिश

जिले में 1 जून 2025 से 15 जुलाई 2025 तक 311.3 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है। कार्यालय कलेक्टर भू अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार 1 जून से अब तक सार्वाधिक वर्षा 413.3 मिमी पाटन तहसील में तथा न्यूनतम 252.0 मिमी. तहसील बोरी में दर्ज की गई है। इसके अलावा तहसील धमधा में 271.8 मिमी, तहसील अहिवारा में 372.6 मिमी, तहसील भिलाई-3 में 275.6 मिमी और तहसील दुर्ग में 282.2 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। 15 जुलाई को तहसील दुर्ग में 0.0 मिमी, तहसील धमधा में 9.0 मिमी, तहसील पाटन में 0.0 मिमी, तहसील बोरी में 5.0 मिमी, तहसील भिलाई 3 में 3.4 मिमी और तहसील अहिवारा में 12.7 मिमी वर्षा दर्ज की गई है।

## खबर संक्षेप

### विधिक सेवा प्राधिकरण ने छात्रावास में दिलाया प्रवेश



**दुर्ग।** उच्च न्यायालय बिलासपुर के मुख्य न्यायाधीश, संरक्षक रमेश सिन्हा ने बाल गृह और बाल संप्रेक्षण गृह में रह रहे शारीरिक और मानसिक रूप से दिव्यांग बच्चों के विकास के लिए बड़ी पहल की है। विभिन्न न्यायालयीन प्रकरणों में वसूली गई अर्थदण्ड की राशि इन बच्चों की देखरेख करने वाली संस्थाओं के पास जमा कराने के आदेश दिया है। आदेश 11 सितंबर 2024 से 11 जुलाई 2025 तक की अवधि के लिए दिया गया है। इस दौरान कुल 4 लाख 2 हजार रुपए की राशि जमा कराई जानी है। इसमें से 2 लाख 6 हजार रुपये दिव्यांग बच्चों के लिए संचालित संस्था में जमा हो चुके हैं। वहीं, 1 लाख 79 हजार रुपये बाल संप्रेक्षण गृह में जमा किए जा चुके हैं। यह राशि बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं, खेल सामग्री, शिक्षाप्रद पुस्तकें और मानसिक विकास से जुड़ी गतिविधियों के लिए उपयोग की जाएगी। एक निर्धन एवं जरूरतमंद बालिका को विज्ञान एवं वाणिज्य शिक्षण केन्द्र कन्या दुर्ग के छात्रावास में प्रवेश दिलाने में अहम भूमिका निभाई गई। बरेबेड़ा कांकेर निवासी मेधावी छात्रा आर्थिक रूप से अत्यंत कमजोर पृष्ठभूमि से थी, जिसने अपनी कठिन आर्थिक व सामाजिक परिस्थितियों के बाद भी अपने अध्ययन को निरंतर जारी रखा था। उसे छात्रावास में प्रवेश आवश्यक थी। उसे प्रवेश दिलाने में विधिक सेवा प्राधिकरण ने सहयोग प्रदान किया।

### बेदखली कार्रवाई में व्यवधान, शिकायत

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के नगर सेवाएं विभाग के प्रवर्तन अनुभाग टीम द्वारा मंगलवार को सेक्टर 2 रोड में अवैध बांस बल्ली हटाए गए। इस दौरान एचएससीएल क्वार्टर निवासी एक व्यक्ति द्वारा साथियो के साथ कर्मियों के साथ गालीगलौच धक्का मुक्की और घसीटकर मारने व पत्थर मारने की धमकी दी गई। व्यक्ति द्वारा सेक्टर 6 में भी बेदखली कार्रवाई में बाधा उत्पन्न की गई। विभाग द्वारा इसकी शिकायत कलेक्टर और एसपी के साथ भट्ठी थाना में एफआईआर कराने के लिए शिकायत की गई है। बीएसपी आफिसर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष एनके बंछोर ने इस घटना की निंदा की है।

### टाउनशिप में प्रिवेंटिव प्रयास से डेंगू नियंत्रण

**भिलाई।** टाउनशिप में डेगू को नियंत्रित करने के लिए भिलाई इस्पात संयंत्र के नगर सेवाएँ विभाग के जन स्वास्थ्य अनुभाग और जिला मलेरिया विभाग द्वारा संयुक्त रूप से चलाए जा रहे डेंगू रोकथाम और नियंत्रण अभियान के सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं। अभियान की शुरुआत से लेकर अब तक टाउनशिप में डेंगू का एक भी मामला सामने नहीं आया है इस अभियान के अंतर्गत घर-घर सर्वे, जलजमाव वाले क्षेत्रों का निरीक्षण, टेमीफॉस का निशुल्क वितरण, छिड़काव एवं फॉगिंग जैसे महत्वपूर्ण कार्य किए जा रहे हैं। जिला मलेरिया विभाग द्वारा प्रदान की गई 120 ब्रीडर चेकर की समर्पित टीम प्रतिदिन टाउनशिप के विभिन्न सेक्टरों में व्यापक गतिविधियाँ चला रही है। अब तक टाउनशिप के 40 हजार से अधिक घरों में डेंगू के लार्वा की उपस्थिति की जाँच की जा चुकी है।

## निजीकरण से होगा नुकसान, सेफी ने प्रधानमंत्री से की मांग

# बैंकों की तरह इस्पात सार्वजनिक क्षेत्रों का जरूरी है रणनीतिक विलय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

सेफी ने इस्पात क्षेत्र के सार्वजनिक उपक्रमों का रणनीतिक विलय की मांग की है।इससे सेल के विस्तार में मदद मिलेगी और सार्वजनिक संपत्ति की रक्षा भी की जा सकेगी।

दिल्ली में सेफी काउंसिल की की हुई बैठक में इस्पात क्षेत्र के सार्वजनिक उपक्रमों के रणनीतिक विलय का संकल्प पारित किया था। इससे सेफी से संबद्ध इस्पात मंत्रालय के अधीन उपक्रम सेल, आरआईएनएल, नगरनार इस्पात संयंत्र, एनएमडीसी, मेकॉन आदि का रणनीतिक विलय कर इस्पात मंत्रालय के तहत एक मेगा स्टील पीएसयू का गठन किया जा सके। सेफी के संकल्प को आधार बनाकर 1 दिसंबर 2021 को लोकसभा में इस्पात क्षेत्र के सार्वजनिक उपक्रमों के रणनीतिक विलय के विषय पर चर्चा की गई पीएम से 7 मई 2025 को अनुरोध किया था कि सार्वजनिक क्षेत्र के सभी इस्पात उपक्रमों का रणनीतिक विलय किया जाए। सेफी चेयरमेन एनके बंछोर ने बताया कि इस्पात मंत्रालय द्वारा सेफी को सूचित किया गया कि इस अपील को सुझाव के रूप में स्वीकार किया गया है। इस्पात मंत्रालय के संयुक्त सचिव दया निधान पाण्डेय ने यह पत्र सेफी चेयरमेन नरेन्द्र कुमार बंछोर को प्रेषित किया है।

**दी संकल्प पारित होने की जानकारी, विलय से सेल के विस्तार में मिलेगी मदद**



### नगरनार व आरआईएनएल जोड़ बनाएं मेगा कंपनी

सेफी अध्यक्ष नरेन्द्र कुमार बंछोर ने बताया कि प्रस्तावित संयंत्र एक दूसरे के अनुपूरक बन सकते हैं। इस्पात मंत्रालय को सेफी के रणनीतिक विलय के सुझाव पर विचार करना चाहिए। यदि सेल, आरआईएनएल व नगरनार इस्पात संयंत्र को एक मेगा कंपनी बनाया जाता है तो इस कंपनी के पास उन्नत इस्पात संयंत्र तथा प्रचुर मात्रा में आयरन अयस्क और निर्यात हेतु स्वयं का पोर्ट उपलब्ध रहेगा।

### तो सेल के विस्तार का लक्ष्य होगा पूरा

सरकार के इस्पात मंत्रालय के निर्देशानुसार सेल जैसे सार्वजनिक क्षेत्र की महारत्न कंपनी को सरकार के इस्पात नीति 2030 के तहत क्षमता विस्तार 20 मिलियन टन से 35 मिलियन टन) के लिए निर्देशित किया गया है। इसके तहत सेल को विस्तारीकरण का बड़ा लक्ष्य दिया गया है जिसके तहत एक लाख करोड़ रूपये की राशि का निवेश 2030 तक करने की योजना है।। सेफी प्रारंभ शुरु से ही सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के अंधाधुंध निजीकरण एवं विनिवेश के स्थान पर, पुर्नगठन तथा रणनीतिक समायोजन की मांग सरकार से करता रहा है। विनिवेश किये जाने वाले इन इकाईयों की क्षमता पर अगर गंभीरतापूर्वक विचार करें तो इन इकाईयों के अलग-अलग क्षमताओं तथा उपलब्ध संसाधनों को मिलाकर एक लाभकारी रणनीति बनाई जा सकती है जिसमें इन इकाईयों को विनिवेश की आवश्यकता नहीं होगी। उदाहरण के लिए आज आरआईएनएल के पास कुशल व तकनीकी क्षमता से परिपूर्ण मानव संसाधन उपलब्ध है लेकिन इनके पास स्वयं का लौह अयस्क माइंस नहीं होने के कारण कच्चे माल की कमी तथा कच्चे माल को अधिक कीमत में खरीदने की बाध्यता ने इस कंपनी के लाभार्जन की क्षमता को न्यूनतम कर दिया है। छत्तीसगढ़ के आदिवासी अंचल बस्तर स्थित नगरनार इस्पात संयंत्र को दिनांक 03.10.2023 को माननीय प्रधानमंत्री द्वारा राष्ट्र को समर्पित किया गया था।

# बिजली दरों की बढ़ोतरी के विरोध में कांग्रेस देगी 22 को धरना



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

प्रदेश में राज्य की भाजपा सरकार द्वारा बिजली की दरों में बढ़ोतरी के खिलाफ कांग्रेस ने मोर्चा खोल दिया है। इसे लेकर ब्लॉक और जिला मुख्यालय स्तर तक चरणबद्ध आंदोलन करने का फैसला लिया गया है। इसके अंतर्गत दुर्ग जिला के दुर्ग ग्रामीण एवं अहिवारा विधानसभा में 17 जुलाई और पाटन एवं धमधा ब्लॉक में 18 जुलाई को कांग्रेस द्वारा बिजली ऑफिस का घेराव कर प्रदर्शन किया जाएगा। इसके अलावा दुर्ग जिला मुख्यालय के बिजली ऑफिस में 22 जुलाई को कांग्रेसियों द्वारा सामूहिक रूप से घेराव व प्रदर्शन किया जाएगा। ग्रामीण कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष राकेश ठाकुर, दुर्ग अध्यक्ष गया पटेल और भिलाई अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर ने संयुक्त रूप से इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि राज्य की भाजपा सरकार ने डेढ़ साल के भीतर पहले युक्तियुक्तकरण के जरिए शिक्षकों, स्कूलें बंद कर विद्यार्थियों, नई शराब दुकानें खुलवाकर महिलाओं और डीएपी खाद व बीज उपलब्ध न करवाकर किसानों के साथ छल किया है। अब बिजली की दरों में भारी बढ़ोतरी कर उपभोक्ताओं को लुटने का कार्य राज्य सरकार द्वारा किया गया है। घरेलू बिजली की दर में 10 से 20 पैसे प्रति यूनिट, गैर घरेलू बिजली की दर में 25 पैसे प्रति यूनिट और कृषि पंप के बिजली के दर में सर्वाधिक 50 पैसे प्रति यूनिट की दर से बढ़ोतरी की गई है। दरों में यह वृद्धि कर डबल इंजन की भाजपा सरकार द्वारा उपभोक्ताओं को डबल आर्थिक करेंट दे दिया है। पूर्व विधायक अरुण वोरा ने कहा कि राज्य की भाजपा सरकार को जनता और किसानों की परवाह नहीं है। इसलिए भाजपा सरकार द्वारा डेढ़ साल के कार्यकाल में तीन बार बिजली की दरों में वृद्धि की गई है। किसानों को एक ओर जहां सोसायटियों से डीएपी खाद नहीं मिल रहा है, वहीं कृषि पंप के बिजली दर में वृद्धि कर राज्य की भाजपा सरकार द्वारा किसानों के साथ बड़ा अन्याय किया गया है। इस दौरान पूर्व मंत्री बीडी कुरैशी, प्रदेश कांग्रेस कमेटी महासचिव राजेन्द्र साहू, पूर्व महापौर शंकरलाल ताम्रकार, आरएन वर्मा, धीरज बाकलीवाल, प्रदेश कांग्रेस सचिव अय्यूब खान, दीपक दुबे आदि मौजूद थे।

- जिला स्तर से ब्लॉक स्तर तक चरणबद्ध आंदोलन की बनाई रणनीति

# वित्तीय अनियमितता और मनी लॉन्ड्रिंग के संदेह पर ईडी का छापा

## होटल कारोबारी और अग्रवाल समाज के पूर्व अध्यक्ष विजय अग्रवाल के खिलाफ जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

ईडी की टीम ने मंगलवार तड़के सुबह करीब 6 बजे शहर के प्रतिष्ठित होटल कारोबारी और अग्रवाल समाज के पूर्व अध्यक्ष विजय अग्रवाल के दीपक नगर स्थित मकान और दफ्तर में दबिश दी। विजय अग्रवाल स्टेशन रोड दुर्ग स्थित सागर इंटरनेशनल के मालिक हैं। ईडी की अचानक हुई जांच के बाद पूरे व्यापारी सकते में हैं। ईडी सूत्रों की मानें तो टीम में 6 सदस्य हैं। इसके अलावा सीआरपीएफ का सुरक्षा घेरा मौके पर मौजूद है। 12 घंटे से ज्यादा समय से जांच की जा रही है। इस दौरान 70 लाख रुपए से ज्यादा कैश मिलने की खबर है। साथ ही जानकारी मिली है कि वित्तीय अनियमितता और मनी लॉनड्रिंग के संदेह पर यह दबिश दी गई है। ईडी सूत्रों की मानें तो विजय अग्रवाल बड़े राजनीतिक व्यक्ति और उच्च प्रशासनिक अफसरों के संपर्क में थे, उनके लिए लाइजनिंग भी कर रहे थे। उनके साथ पप्पू बंसल और विजय भाटिया का कनेक्शन भी खंगाला जा रहा है। बहरहाल ईडी ने जांच को लेकर पूरे मामले का खुलासा नहीं किया है। ईडी की जांच रात साढ़े 8 बजे तक जारी रही।

### इनोवा में पहुंची जांच टीम

जानकारी के मुताबिक सुबह करीब 6 बजे ईडी की टीम ने विजय अग्रवाल के घर पर दबिश दी। इस दौरान गेट पर सुरक्षा गार्ड ने उन्हें रोका। 15 मिनट तक पूछताछ और पहचान बताने के बाद विजय अग्रवाल को खबर दी। इसके बाद ईडी की टीम को घर में प्रवेश दिया गया। इसके बाद ईडी के अधिकारियों ने पूरे घर को सील कर दिया। बाहर से आवाजाही पर रोक लगा दी। विजय अग्रवाल सहित उनके परिवार के सदस्यों को फोन ले लिए। ईडी से अनुमति के बाद ही फोन लगाने दिया गया। खबर है कि उनके सीए को भी बुलाया गया। घर में दस्तावेजों की जांच की गई। सोने-चांदी के जेवरात और कैश मिलने की खबर है।

### 2015 में सीबीआई ने पकड़ी थी रेल नीर की अनियमितता

बताया जाता है कि 2015 में सीबीआई ने रेल नीर घोटाले में जांच की थी। इसके बाद शरन अग्रवाल को गिरफ्तार भी किया गया था। उस समय भी शरन अग्रवाल के दिल्ली स्थित घर से करीब 27 करोड़ रुपए नकद मिला था। पहले तीन भाई मिलकर अपनी मां आरके अग्रवाल एंड संस के नाम पर कैटरिंग का बिजनेस है। इस दौरान स्टेशनों के स्टॉल लेने से लेकर खाने-पीने और अन्य सामानों की सप्लाई किया करते थे। रेलवे नीर बॉटलिंग में अनियमितता के मामले में उनके खिलाफ बड़ी कार्रवाई की गई थी। एक बार फिर दोनों भाई ईडी के शिकंजे में हैं।

### आरके अग्रवाल एंड संस के नाम से शुरू किया था कारोबार

विजय अग्रवाल दुर्ग सहित पूरे प्रदेश में प्रसिद्ध कारोबारी रहे हैं। उन्होंने और उनके दो भाइयों शरन अग्रवाल और अरुण अग्रवाल ने आरके अग्रवाल एंड संस के नाम से कैटरिंग का व्यापार शुरू किया था। इसके जरिए तीनों भाइयों ने करोड़ों रुपए कमाए। यह फर्म रेलवे में खाने की सप्लाई के साथ स्टॉल काउंटर का ठेका लिया करती थी। साथ ही यात्री ट्रेनों में खाने की सप्लाई किया करती थी। बाद में उनकी मां और भाई अरुण के निधन के बाद फर्म का नाम बदल दिया गया। वर्तमान में रेलवे के कारोबार से दोनों भाइयों ने लगभग किनारा कर लिया है। शरण अग्रवाल और उनके बेटे द्वारा ही इस काम की देखरेख की जा रही है। वहीं विजय अग्रवाल होटल के कारोबार में सक्रिय हैं।

# हत्या केस की जांच में एक्सपर्ट की लें मदद, डिजिटल गैजेट्स का हो उपयोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

हत्या केस को लेकर ऑनलाइन इंवेस्टिगेशन का प्रशिक्षण कार्यक्रम दुर्ग रेंज में किया गया। इस दौरान आईजी राम गोपाल गर्ग ने कहा कि अपराधियों को पकड़ने के साथ साथ दोष सिद्ध पर भी विवेचक ध्यान दे। हत्या के मामलों की प्रभावी जांच के लिए विशेष प्रशिक्षण का उद्देश्य विवेचकों को हत्या के प्रकरणों की जाँच में दक्ष बनाना है। घटनास्थल से लेकर न्यायालय में साक्ष्य प्रस्तुत करने तक की समाग्री प्रक्रिया की जानकारी दी गई। प्रशिक्षण सत्र में स्वयं आईजी पावर पाइंट प्रजेटेंशन के माध्यम से मार्गदर्शन किया गया। इसमें सूचना प्राप्ति के बाद तुरंत कार्रवाई , घटनास्थल पर रवाना होने की प्रक्रिया, घटनास्थल निरीक्षण के दौरान महत्वपूर्ण सावधानियाँ,तकनीकी बिंदु, भौतिक, वैज्ञानिक, डिजिटल साक्ष्यों को सुरक्षित करने की विधियाँ, पंचनामा, पीएम की प्रक्रिया, उससे जुड़ी संवेदन शीलता, आरोपी की पहचान, तलाश,गिरफ्तारी के बाद की वैधानिक प्रक्रिया, साक्ष्य प्रस्तुति, केस डायरी,चार्जशीट के दस्तावेजीकरण की रणनीति को विस्तार से बताया गया। प्रशिक्षण में एसएसपी विजय अग्रवाल , बेमेतरा एसपी रामकृष्ण साहू, एसपी बालोद योगेश पटेल समेत रेंज के राजपत्रित अधिकारी, थाना प्रभारी भी ऑनलाइन में शामिल हुए।

- आईजी की बैठक में दुर्ग, बालोद बेमेतरा से अफसर ट्रेनिंग में पहुंचे



### विवेचना को और अधिक प्रभावी बनाएं

आईजी ने कहा कि कार्यक्रम का उद्धेश्य था कि विवेचक हत्या केस की हर कड़ी को वैज्ञानिक, संवेदनशील, वैधानिक ढंग से समझ सकें। इससे न्यायिक प्रक्रिया में मजबूत साक्ष्य के आधार पर अपराधियों को सजा दिलाई जा सके। आईजी ने प्रशिक्षण के अंत में सभी अधिकारियों से अपील किया कि वे प्रशिक्षण में प्राप्त जानकारी को अपने दैनिक कार्य में लागू करें। गंभीर अपराधों की विवेचना को और अधिक प्रभावी बनाएँ।

## नायब तहसीलदार ढालसिंह बिसेन ने स्थल पर पहुंचकर किसानों से ली जानकारी

# कलेक्टर के हस्तक्षेप के बाद नगपुरा में खेतों से पानी निकासी के इंतजाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

नगपुरा में 300 एकड़ से ज्यादा की फसल बर्बादी और खेतों में भरे पानी के मामले को लेकर कलेक्टर अभिजीत सिंह ने जानकारी ली है। उन्होंने राजस्व विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि तत्काल पानी निकासी के इंतजाम किए जाएं। तकनीकी दिक्कतों को दूर कर फसलों की व्यवस्था को दुरुस्त किया जाए। इसके बाद नायब तहसीलदार ढालसिंह बिसेन ने स्थल पर पहुंचकर किसानों से जानकारी ली। मौके से पानी निकासी के इंतजाम कराया। बता दें कि किसानों की इस समस्या को लेकर हरिभूमि ने प्रमुखताा से खबर का प्रकाशन किया था। इसके बाद जिला प्रशासन हरकत में आया और व्यवस्था दुरुस्त करने की दिशा में काम शुरू किया गया। जानकारी के मुताबिक पिछले 5 वर्षों से खेतों में जल भराव की समस्या झेल रहे किसान चेतन यादव, सुरेश सिन्हा, बिसौहा राम धनकर, इरेंद्र यादव, प्रदीप देवांगन, हेमलाल सिन्हा, हेमचंद धनकर सहित सैकड़ों किसानों के खेतों में भरा पानी एक सप्ताह के बाद निकल पाया। किसानों ने अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा कि अब इस बारिश में उनकी फसलें नहीं डूबेगी और वह पूरा उत्पादन ले पाएंगे । लेकिन स्थाई हल के लिए हम प्रशासन से सरकारी रिकॉर्ड के अनुसार बारिश के बाद नाला के निर्माण की मांग करते हैं ।



### पानी निकासी वाली जगह पर निजी जमीन से हुई दिक्कत

तहसीलदार प्रफुल्ल गुप्ता ने बताया कि किसानों ने जानकारी लेने के बाद पता चला कि तीन दिन की बारिश के बाद किसानों के खेतों में पानी अवरुद्ध हो गया था। मौके का निरीक्षण करने पर पता चला कि पहले जहां से पानी की निकासी होती थी, वह निजी जमीन थी। जहां पर कोई स्ट्रक्चर बन गया है। फिलहाल वहां पर कोई नाला नहीं था। इसके लिए निजी जमीन भू धारक को समझाया गया कि पानी की निकासी के लिए रास्ता बना कर दे, ताकि किसानों की फसलों को डूबने से बचाए जा सके। उन्होंने वैकल्पिक रूप से नाली का निर्माण कर उसमें पाइपलाइन भी डाल रहे हैं।

### जेसीबी की मदद से खुदाई कर पुलिया डाल बनाई नाली



कलेक्टर अभिजीत सिंह के निर्देश पर राजस्व के अधिकारियों ने मौके का निरीक्षण किया। अवरुद्ध पानी के निकासी का रास्ता बनाकर किसानों की समस्या के निराकरण किया। मौके पर पहुंचे नायब तहसीलदार ढाल सिंह बिसेन ने पीड़ित किसानों को बुलाया गया था । किसानों की सहमति पर पानी की निकासी के लिए वैकल्पिक रास्ता बनाया गया। जेसीबी से खुदाई कर नाली बनाकर उसमें आज पुलिया डाला गया।

# 35 साल बाद गुरु-शिष्य मिले और याद किया पुराने दिनों को



**भिलाई।** कन्या शाला भिलाई तीन में शिक्षक मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इसमें प्राथमिक स्कूल के प्रधान पाठक द्वारिका प्रसाद अवस्थी, बेनीराम मढ़रिया, ईश्वरी वर्मा, चैतराम साहू, शिक्षक ओपी परगनिहा, अशोक कुमार सोनी, ढालसिंह मढ़रिया, एचपी चंद्राकार, आरएस चंद्राकार, ढाल सिंह वर्मा, गणेश राम देवांगन, केपी साहू, केएन राय, केडी मिश्रा, लेखराम मढ़रिया उपस्थित रहे। गुरुजनों को बैच लगाकर एवं फूल-माला पहनाकर स्वागत किया गया। स्वागत गीत गाए गए। इस अवसर पर प्रकाश सोनी ने ए कश्मीर हैं गीत गाकर माहौल को और अधिक रोचक बना दिया।

छात्रों ने बताया कि 35 साल बाद छात्र और गुरु मिले। सभी गुरुजनों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन दयादास साहू ने किया। आभार हरेंद्र बघेल ने व्यक्त किया।

खबर संक्षेप



## स्टेशन से 200 शिवभक्त बाबाधाम के लिए रवाना

**दुर्ग।** दुर्ग रेलवे स्टेशन से करीब 200 शिवभक्तों का जत्था बाबा बैद्यनाथ धाम (देवघर) की यात्रा के लिए रवाना हुए। श्रद्धालुओं को ग्रामीण विधायक ललित चन्द्राकर, महापौर श्रीमती अलका बाघमार तथा नगर निगम सभापति श्याम शर्मा ने हरी झंडी दिखाकर विदा किया। यात्रा पर रवाना हो रहे श्रद्धालुओं को पुष्प वर्षा कर सम्मानित किया गया तथा उनकी सुरक्षित और मंगलमय यात्रा के लिए शुभकामनाएं दी गईं। स्टेशन परिसर बोल बम, हर हर महादेव जैसे जयघोषों से गूंज उठा। महापौर ने कहा कि यह यात्रा हमारी श्रद्धा, संस्कृति और सामूहिक आस्था का प्रतीक है। बाबा भोलेनाथ सभी श्रद्धालुओं की यात्रा मंगलमय करें। श्रद्धालुओं में यात्रा को लेकर उत्साह और श्रद्धा का अद्भुत संगम देखने को मिला। यह जत्था विशेष रेलगाड़ी से देवघर के लिए रवाना हुआ, जहां भक्तजन बाबा बैद्यनाथ के दर्शन कर जलाभिषेक करेंगे।

## पं. लखनलाल मिश्र को दी श्रद्धांजलि



**दुर्ग।** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी संगठन के संपूर्ण छत्तीसगढ़ अंचल से पधारे उत्तराधिकारी दुर्ग नगर निगम द्वारा स्थापित स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पंडित लखनलाल मिश्र की आदमकद प्रतिमा के समक्ष एकत्रित होकर श्रद्धासुमन अर्पित किए। कार्यक्रम की शुरुआत गौरव स्थल में पुष्पांजलि अर्पित कर की गई, जिसके पश्चात सभी सदस्य पंडित मिश्र की प्रतिमा स्थल पर पहुंचे। इस भावपूर्ण अवसर पर संगठन के अध्यक्ष मुरली मनोहर खंडेलवाल, सेवानिवृत्त आईएएस गणेश शंकर मिश्रा, पूर्व विधायक चंद्रप्रकाश बाजपेयी, प्रो किशोर कुमार अग्रवाल, सुरेश मिश्रा, रमा जोशी, रेखा जोशी, घनश्याम सोनी, सुनील बंजारी सहित बड़ी संख्या में संगठन के सदस्य एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।
इस अवसर पर उपस्थितजनों ने पंडित मिश्र के स्वतंत्रता संग्राम में किए गए योगदान को स्मरण किया।

## लाभार्थियों को समय पर मिले मकान : कमिश्नर

**दुर्ग।** प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अंतर्गत लाभार्थियों को गुणवत्तापूर्ण आवास उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आज कमिश्नर श्री सत्यनारायण राठौर और कलेक्टर अभिजीत सिंह ने प्रगति नगर, रिसाली एवं गोकुल नगर, पुलगांव में निर्माणाधीन पीएम आवास का निरीक्षण किया। इस दौरान कमिश्नर ने रिसाली में मौजूद कॉन्ट्रेक्टर को निर्देशित किया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत बनाए जा रहे 12 ब्लॉकों के निर्माण कार्य को एक साथ करने के बजाय, एक-एक ब्लॉक को क्रमशः पूरा करें।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
नवागढ़, जिला बेमेतरा (छ.ग.)

ईश्तहार

202507230500010
रा.प्र.क्र. /-
वर्ष -2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है आवेदक / शिकायतकर्ता नगर पंचायत नवागढ़ स्थित भूमि खसरा न. 383/3 में 132/33 केव्ही लाईन व टावर निर्माण कार्य में कृषक के ग्राम नवागढ़, प.ह.नं. 12 तहसील नवागढ़ जिला बेमेतरा की भूमि ख.नं. 383/3 प्रभावित होने से अरमान एवं अन्य 04 के नाम पर मुआवजा की राशि 136109/- रू पूर्व में दिनांक 27.10.2020 को चेक क्रमांक 027749 राशि 136109 रू. जारी हुआ था। चेक अरमान व अन्य 04 के नाम से जारी होने के कारण आहरण कर पाना संभव नहीं हो पा रहा है। अतः मुआवजा की राशि नावेद खान पिता नवाब खान के नाम से भुगतान प्राप्त करने शपथ पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव उपरोक्त संबंध में संबंधित ग्राम के कृषक या अन्य किसी भी व्यक्ति को कोई उजर / आपत्ति अथवा अपना अभिमत दर्ज करवाना चाहता हो तो पेशी दिनांक 06/08/2025 को शाम 05.30 बजे तक इस न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकते हैं। नियत दिनांक के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 11/07/2025 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी (रा.),
नवागढ़ जिला बेमेतरा (छ.ग.)

# अब विद्यार्थी हल्के रंग के आधी बांह वाले कपड़े व चप्पल पहनकर देंगे परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल (व्यापमं) द्वारा आगामी परीक्षाओं में पारदर्शिता और निष्पक्षता से परीक्षा के संचालन हेतु अभ्यर्थियों के लिए आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए गए हैं। निर्धारित निर्देश अनुसार परीक्षार्थी परीक्षा प्रारंभ होने के कम से कम 2 घंटे पूर्व परीक्षा केन्द्र में पहुंचे ताकि उनका फ्रिस्किंग (फ्रिस्किंग) एवं पहचान पत्र का सत्यापन किया जा सके। परीक्षा प्रारंभ होने के 15 मिनट पूर्व परीक्षा केन्द्र का मुख्य द्वार बंद कर दिया जायेगा। उदाहरण के लिए यदि कोई परीक्षा सुबह 10 बजे से प्रारंभ हो रही है तो मुख्य द्वार 9.45 बजे बंद कर दिया जाएगा, इसलिए समय का विशेष ध्यान रखेंगे।


### ये रहेंगे नियम

विद्यार्थी हल्के रंग के आधी बांह वाले कपड़े एवं फुटवियर के रूप में चप्पल पहनकर परीक्षा देने आएंगे। कान में किसी भी प्रकार का आभूषण वर्जित होगा। परीक्षा प्रारंभ होने के पहले आधे घंटे में एवं परीक्षा समाप्ति के आखिरी आधे घंटे में परीक्षा कक्ष से बाहर जाना वर्जित होगा। परीक्षा कक्ष में किसी प्रकार का संचार उपकरण, इलेक्ट्रानिक उपकरण, इलेक्ट्रानिक घड़ी, पर्स, पाऊच, स्कार्फ, बेल्ट, टोपी आदि ले जाना पूर्णतः वर्जित होगा।

## व्यापमं ने जारी की विद्यार्थियों के लिए नई गाइड लाइन

### परीक्षा में लाना अनिवार्य

परीक्षार्थी प्रवेश पत्र के सभी पेज का प्रिंट आउट ले और पेज के केवल एक तरफ प्रिंट करें, क्योंकि प्रत्येक परीक्षा हेतु व्यापम की प्रति परीक्षा केंद्र में जमा की जाएगी। परीक्षार्थी को परीक्षा हेतु प्रवेश पत्र के साथ पहचान पत्र के रूप में मतदाता पहचान पत्र, ड्राइविंग लाइसेंस, पेन कार्ड, आधार कार्ड जिसमें अभ्यर्थी का फोटो हो, का एक मूल पहचान पत्र परीक्षा दिवस में परीक्षा केंद्र में लाना अनिवार्य होगा। मूल पहचान पत्र प्रस्तुत नहीं करने पर परीक्षा केंद्र में प्रवेश नहीं दिया जायेगा, जिसके लिए अभ्यर्थी स्वयं जिम्मेदार होंगे।



### नियमों का पालन नहीं करने पर होंगे परीक्षा से वंचित

यदि इंटरनेट से प्राप्त प्रवेश पत्र पर फोटो नहीं आता है, तो अभ्यर्थी अपने साथ दो रंगीन पासपोर्ट साइज फोटो ले कर परीक्षा केंद्र में आएंगे। परीक्षार्थी परीक्षा कक्ष में केवल काले या नीले बाल पॉइंट पेन को ही उत्तर अंकित करने हेतु उपयोग करेंगे। चयन/प्रवेश के समय प्रवेश पत्र मांगा जाता है, अतः परीक्षार्थी इसे सुरक्षित रखें। व्यापम द्वारा दोबारा प्रवेश पत्र जारी नहीं किया जावेगा। निर्देशों का पालन ना करने पर अभ्यर्थी को परीक्षा देने से वंचित किया जायेगा। परीक्षा में अनुचित साधनों का प्रयोग करने पर कठोर कार्यवाही की जाएगी तथा अभ्यर्थिता समाप्त कर दी जाएगी।

## शिक्षा विभाग के पास ब्योरा नहीं कि कितने बच्चों को बांट चुके पुस्तकें

# 8वीं बोर्ड और छठवीं की किताबें नहीं चौथी में गणित व पर्यावरण ही मिला

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

हरिभूमि पड़ताल

सरकारी स्कूलों में निःशुल्क पाठ्यपुस्तक वितरण योजना का बुरा हाल है। राज्य से कितनी किताबें आई और कितने स्कूलों में बांटी गई इसका ब्योरा जिला शिक्षा विभाग के पास नहीं है। विभाग को यह भी नहीं मालूम कितने बच्चों को किस-किस विषय की किताबें बांटी जा चुकी है।

केवल किताबों का स्कैनिंग का डाटा राज्य के पोर्टल से लेकर जिला प्रशासन के उच्च अधिकारियों को टीएल बैठक में जानकारी दे रहें हैं कि 90 प्रतिशत स्कूलों में पुस्तकें बांट दी गई है। हरभूमि पड़ताल ने इस दावे की पोल खोल कर रख दी है। अब भी 90 प्रतिशत स्कूलों के बच्चों को पूरी किताबें ही नहीं मिल पाई है। हर कक्षा की कोई न कोई विषय की किताबों की कमी बनी हुई है।

### महीनेभर हो गए स्कूल खुले लेकिन किताबों के बिना पढ़ाई शुरू नहीं

**फैक्ट फाइल**

| दुर्ग जिला | |
|---|---|
| संकुल- | 177 |
| विद्यार्थी- | 103245 |
| किताबों की डिमांड- | 598406 |

### मैदानी रिपोर्ट नहीं है विभाग के पास

शिक्षा विभाग में रिपोर्ट कलेक्ट करने के लिए बाबूओं को जिम्मेदारी सौंपी गई है। लेकिन सरकारी ढर्रे पर काम करने की आदत अब तक सुधर नहीं पाई है। न नोडल अधिकारी के पास कोई डाटा है और न ही संबंधित बाबू के पास। विभाग द्वारा प्रशासनिक अधिकारियों के पास जो डाटा पेश कर रहे हैं वे संकुलों द्वारा पुस्तकों की स्कैनिंग की है। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि बच्चों के भविष्य के प्रति ये कितने गंभीर होकर काम कर रहे हैं।

### बार कोड स्कैनिंग में यह भी समस्या

#### दूसरे जिले का हो रहा शो




दुर्ग जिले में बार कोड स्कैनिंग करने से सरायपाली जिले का बुलदेगा स्कूल शो हो रहा है।

छत्तीसगढ़ पाठ्यपुस्तक निगम ने इस बार किताबों में बार कोड दिया है। इस बार कोड की स्कैनिंग करने से सीधे राज्य के पोर्टल में यह रिकार्ड हो रहा है कि कितने संकुलों में पुस्तकें पहुंचा दी गई है। दुर्ग जिले में बार कोड स्कैनिंग के दौरान चौंकाने वाली घटना हो रही है। स्कैनिंग करने पर पुस्तक दूसरे जिले में पहले से ही स्कैनिंग होना शो कर रहा है। इससे कुछ विषयों की किताबें मिल भी गई है तो उसे विद्यार्थियों को बिना रिकार्ड दर्ज हुए बांट तक नहीं सकते।

#### एक बार कोड है छपा




दुर्ग जिले में बार कोड स्केनिंग करने से सरायपाली जिले के टीचर भोलाराम का नाम इस तरह शो हो रहा है।

छत्तीसगढ़ पाठ्य पुस्तक निगम के निर्देश के हिसाब से एक पुस्तक में 2 बार कोड होने चाहिए। हाल यह है कि कई पुस्तकों में एक ही बार कोड ही छपा है।कई में ब्लर है।कई जगह एक बार की जगह 10 से 15 में स्कैन हो रहा है।बिना स्कैन के पुस्तक को बाट नहीं सकते। इसलिए कई स्कूलों में पुस्तकें होते हुए स्कैन ना हो पाने के कारण डंप पड़ी है।कई बार एप में भी तकनीकी समस्याओं के कारण स्कैन में समस्या हो रही है।

#### रिकार्ड बाबू के पास है

दुर्ग जिले में पुस्तकें आ रही है। कितने स्कूलों में बटी है इसकी जानकारी बाबू वाजिद अली के पास है। उनसे मैं कह देती हूं आप ले लें।
**-गौरा शुक्ला,** जिला नोडल अधिकारी पाठ्य पुस्तक वितरण

#### मेरे पास जानकारी नहीं

कितनी पुस्तकें संकुलों में गई है या स्कूलों द्वारा बांटी गई है इसकी जानकारी मेरे पास नहीं है। इसलिए मैं डाटा नहीं दे सकता।
**-वाजिद अली,** बाबू पाठ्यपुस्तक वितरण

**केस 1**

#### आठवीं बोर्ड पर चार किताबें नहीं मिली

प्रदेश सरकार ने पिछले शैक्षणिक सत्र से ही आठवीं को बोर्ड कर दिया है। बोर्ड करने के बाद भी आठवीं के विद्यार्थियों को केवल एक किताब मिली है। वह है सहायक वाचन। विद्यार्थियों को यह पुस्तक मिली है लेकिन इसकी परीक्षा नहीं नहीं होती। हिन्दी, गणित, अंग्रेजी और विज्ञान की किताबें ही नहीं मिली है।

**केस 2**

#### छठवीं में केवल हिन्दी किताबें मिली

नया शैक्षणिक सत्र यानी वर्ष 2025 में कक्षा छठवीं में पूरा कोर्स ही बदल दिया है। नए कोर्स में विद्यार्थियों को और शिक्षकों को शुरूआत से ही पुस्तक मिलनी चाहिए लेकिन इस कक्षा की केवल हिंदी पुस्तक आया है। गणित, अंग्रेजी और विज्ञान व सहायक पुस्तकें ही विद्यार्थियों को नहीं मिली है।

**केस 3**

#### चौथी, पांचवी और सातवीं में ये किताबें नहीं

पहली कक्षा में हिन्दी व गणित ही मिले हैं। तीन विषय की किताबें नहीं मिली। कक्षा सातवीं में भी केवल अंग्रेजी,गणित और संस्कृत ही आया है। कक्षा पांचवीं में भी केवल अंग्रेजी,गणित और हिन्दी ही आया है। पर्यावरण नहीं मिला है। कक्षा चौथी में भी केवल गणित और पर्यावरण ही मिला है। हिन्दी और अंग्रेजी की किताबें नहीं मिल पाई है।

## मत्स्य पालकों ने अध्यक्ष को बताई समस्याएं, दिया आश्वासन



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

छत्तीसगढ़ मछुआ कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष भरत मटियारा ने कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में जिले के मछुवारा वर्ग सहकारी समितियों एवं मत्स्य पालकों की बैठक ली। बैठक में मछुआरों के कल्याण से जुड़ी विभिन्न योजनाओं और मुद्दों पर चर्चा की गई। बोर्ड अध्यक्ष श्री मटियार ने बैठक में मछली पालन विभाग अंतर्गत प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना सहित अन्य योजनाओं की समीक्षा की और उपस्थित मत्स्य कृषकों को विभागीय योजनाओं का लाभ उठाकर मत्स्य उत्पादन में वृद्धि कर आय दुगनी करने प्रोत्साहित किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को सुशासन तिहार के माध्यम से शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी सभी मत्स्य कृषकों सहित अन्य नागरिकों तक पहुंचाने कहा। उपस्थित मत्स्य कृषकों से विभागीय योजनाओं का लाभ लेकर अपनी आर्थिक स्थिति में सुधार के लिए कहा। बैठक में उन्होंने जिले के सभी मछुआ सहकारी समितियों की मांगें और समस्याएं सुनी और उनके निराकरण का आश्वासन दिया। बैठक में उपसंचालक मत्स्य सीमा चंद्रवंशी ने विभाग के गतिविधियों से श्री मटियारा को अवगत कराया। उन्होंने जिले में मत्स्य बीज प्रक्षेत्र बधिमा के अंतर्गत उपलब्ध संसाधनों सर्कुलर हैचरी, प्रजनक, पोखर संवर्धन पोखर, एम बी पैकिंग शेड भंडार क्ष की जानकारी दी। इस अवसर पर अशोक निषाद, मंडल अध्यक्ष कमलेश फेकर, पूर्व एल्डरमैन जगमोहन ढीमर, भोज प्रसाद निषाद, नन्द कुमार निषाद, सकुन ढीमर, प्रदेश मछुआ महसंघ महामंत्री बिरेंद्र कुमार निषाद, सहित मछुआ सहकारी समिति मछुआ महासंघ विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

■ संसाधनों,पोखर संवर्धन पोखर, एम बी पैकिंग शेड भंडार कक्ष की दी जानकारी

### फेडरेशन की ज्ञापन रैली आज

छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के प्रांतीय आह्वान पर जिला पंचायत के सभागार मे अत्यावश्यक बैठक हुई। बैठक में महगाई भत्ता एवं 11 सूत्रीय मांगो को लेकर 16 जुलाई को ज्ञापन रैली निकालने पर निर्णय लिया गया। समस्त मान्यता प्राप्त संगठन के सभी जिला अध्यक्ष, महासचिव, प्रांतीय पदाधिकारी सहित छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के विभागीय समिति के पदाधिकारी गण उपस्थित थे।

## डेयरी संचालकों के नल कनेक्शन जांच करने महापौर ने दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग



महापौर श्रीमती अलका बाघमार ने मंगलवार को वार्ड 50 बोरसी भाठा के विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण कर सफाई व्यवस्था देखी। उन्होंने स्थानीय लोगों से बातचीत कर उनकी समस्याओं को सुना और संबंधित अधिकारियों को शीघ्र समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। डेयरी के कारण मोहल्ले की नालियों में लगातार गोबर बहाया जा रहा है, जिससे पानी की निकासी अवरुद्ध होने के साथ लोगो के घरों के सामने खाली प्लांटों में भर रहा है। जिससे आस-पास में रहने वालों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जिस पर महापौर ने डेयरी संचालकों पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। डेयरी में नल कनेक्शन की जांच कर अवैध पाए जाने पर तत्काल काटने के निर्देश दिए। उन्होंने निगम अधिकारियों को निर्देशित किया कि जितने भी बोरसी भाठा क्षेत्र में डेयरी है सभी को नोटिस जारी कर जुर्माना लगाया जाए। निरीक्षण के दौरान यह भी देखा गया की मंदिर के पास सड़क क्षेत्र में दर्जनों कबाड़ गाड़ियो को देखकर सड़क क्षेत्र से हटवाने के निर्देश अतिक्रमण अधिकारी को दिए। उन्होंने पुनाम कम्प्लेक्स क्षेत्र की गलियों में गंदगी व गोबर भराव के साथ खाली प्लाटों में जलभराव की स्थिति को देख महापौर ने सफाई अमले को पानी निकासी के लिए निर्देशित किया।

■ बोरसी भाठा की समस्याओं से रुबरु हुईं महापौर

## एक पेड़ मां के नाम रोपे गए पौधे, रक्षा के लिए लगाए सेफ्टी गार्ड



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

पर्यावरण मित्र मंडल के संरक्षक बालू राम वर्मा के नेतृत्व में भिलाई मंडल के पर्यावरण मित्रों के सहयोग से विभिन्न स्थानों पर वृक्षारोपण का कार्य किया जा रहा है इसी कड़ी में शासकीय मिडिल स्कूल शक्ति नगर के प्रधान पाठक अवनीश श्रीवास्तव के अनुरोध पर भिलाई पर्यावरण मित्र मंडल के सहभागिता में पांच पौधे आम, जामुन, शहतूत, कटहल और नीम के पौधे एक पेड़ मां के नाम के तहत रोपित किया गया। उक्त अवसर पर बालूराम वर्मा ने लोगों को संदेश दिया कि पौधारोपण सुरक्षा घेरा सहित पौधे को वृक्ष बनते तक सेवा करना चाहते हैं तो आम, अमरूद, सीताफल, सहित विभिन्न प्रजाति के फलदार एवं छायादार पौधे के लिए इधर-उधर न भटके हमें कॉल करें। इस कार्यक्रम में पार्षद, विधायक प्रतिनिधि, महिला लायंस क्लब के पदाधिकारी, स्कूल अध्यापिका विद्यार्थियों ने भाग लिया।



### वरिष्ठ नागरिक करेंगे रोपित पौधों की देखभाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

हायर सेकेंडरी स्कूल सेक्टर 7 के पर्यावरण मित्र मंडल के संरक्षक बालूराम वर्मा के मार्गदर्शन में पर्यावरण मित्र मंडल के सदस्य सियाराम कश्यप, देव सिंह साहू, कैलाश जोशी, मनोज चौबे, लखन लाल मलागर, प्रेमलाल पिपरिया , जीवनलाल पैकरा, मारुति शंकर बल, अरूप राय, बी. बाबू ,लव कुश स्वर्णकार एवं वरिष्ठ नागरिकों जो पौधे का संरक्षण का कार्य करेंगे ब्रह्मदेव पटेल, ए. आर. वर्मा, एम.एल.शर्मा, गोपाल जनोरिया द्वारा लगभग 19 पेड़ों में सेफ्टी गार्ड लगाकर मां के नाम एक पौधरोपण किया गया।

## पेज 11 के शेष

### बिना अनुमति खेत में ...

कानूनी उल्लंघन करार दिया है। किसान ने गुस्से में कहा, "मेरे खेत से दिनदहाड़े मुरुम लूटा जा रहा था। अगर मैं समय पर न पहुँचता, तो शायद पूरा खेत ही खोद दिया जाता। यह न केवल मेरी मेहनत की लूट है, बल्कि मेरे अधिकारों का भी खुला उल्लंघन है।" **10 फीट गहराई तक मुरुम खोदा गया:** बताया जा रहा है कि यह मुरुम खुदाई ग्राम जानो सड़क निर्माण में लगे ठेकेदार द्वारा अवैध रूप से की जा रही थी। यह कोई पहली घटना नहीं है — क्षेत्र में पहले भी इस प्रकार की खुदाई बिना अनुमति होती रही है। ग्रामीणों ने प्रशासन से सख़्त कदम उठाने की माँग की है।

### एनएचएम कर्मियों ....

में मनीष शर्मा, दिनेश गंगबेर, यामिनी खुटेल, डॉ. डोमन यादव, रेशमी बंजारे, मकसूदन रजक, डॉ. अभिषेक यादव, प्रियंका यादव, डॉ. तृप्ति दुबे सहित बड़ी संख्या में कर्मचारी शामिल हुए।

### शासकीय कर्मचारियों की ...

साहू, व्यंकटेश सिंह, ज्ञानप्रसाद, योगेंद्र भार्गव, कमलेश कुमार, हिरदेसाय जोशी, नारायण कश्यप, रिजर्ला डिंडोरे (अध्यक्ष, पटवारी संघ), भूपेंद्र तिवारी, कुंदन सिंह ठाकुर, फागू राम ठाकुर, शैलेन्द्र जायसवाल, दिनेश नामदेव, सुरेखा सोनी, अंकिता वैष्णव, चंद्रकांता अनंत, मोतीदास मानिकपुरी समेत सभी पटवारी व संगठनों के कर्मचारी उपस्थित थे।

### नारायणपुर में गांजा ...

टीकाराम साहू, प्रदीप साहू, सुरेन्द्र साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### स्व सहायता समूह की महिलाओं ...

कचरा इकट्ठा करते है। जिसमें की गीला कचरा और सूखा कचरा दोनों को अलग करते है।

**स्वास्थ्य के प्रति जागरूक भी कर रही:** गीला कचरा का खाद बनाते है और सूखा कचरा, प्लास्टिक, डिब्बा, टिना, लोहा, पुटठा, खड्डा, जो भी बिकने वाले है उस कबाड़ी समान को कबाड़ी वाले से बेंच कर अच्छा आय प्राप्त करते है। समूह की यह महिलाएं घर-घर जाकर ठंडी चीजें ना खाने, हमेशा कुनकुना पानी पीने, हाथों को बार-बार साबुन से या हैण्डवॉश से साफ करना जैसी सावधानी के बारे में ग्रामीण जनों को बताकर उन्हें स्वास्थ्य के प्रति जागरूक भी कर रही है। जय गोंडवाना महिला स्व सहायता समूह की महिलाओं के इस पुनीत कार्य को हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने भी अपने मन की बात में मुक्त कंठ से प्रशंसा की थी और उन्होंने नाम लेकर कहा था कि देऊरगांव की महिलाएं पूरे देश के लिए आईकॉन है। समूह की इन महिलाओं से हम सब को प्रेरणा लेने की बात भी कही थी। आज भी यह समूह की महिलाएं अपने अध्यक्ष शांति नेताम के मार्गदर्शन में लगातार स्वच्छता अभियान चला रही हैं। इस समूह को स्वच्छता के क्षेत्र में विकासखंड स्तरीय जिला स्तरीय और राज्य स्तरीय बहुत सारे पुरस्कार प्राप्त हो चुके हैं।पिछले वर्ष 26 जनवरी के गणतंत्र दिवस के पावन पर्व पर कर्तव्य पथ पर होने वाले परेड के लिए विशेष रूप से आमंत्रित किया गया था। इस प्रशंसनीय कार्य में ग्राम पंचायत देऊरगांव की सरपंच धनेश्वरी जंघेल, ग्राम पंचायत की सचिव नमिता लहरी का लगातार प्रोत्साहन मिल रहा है। जय गोंडवाना स्व सहायता समूह के सदस्यों में समूह की अध्यक्ष शांति नेताम, सचिव कलिन्द्री सोरी, हिना नेताम, तिजिया सोरी, विशवासा सोरी, इन्द्राणी धुर्वे, शुकवारो सोरी, द्रोपती कुंजाम, रामहिन धुर्वे, जामिन सोरी आदि शामिल है।

इंडियन नर्सिंग कौंसिल एवं छ.ग. नर्सेस रजिस्ट्रेशन कौंसिल से मान्यता प्राप्त
पं. दीनदयाल उपाध्याय स्मृति स्वास्थ्य विज्ञान एवं आयुष विश्वविद्यालय से सम्बद्धता प्राप्त

बी.एस.सी. नर्सिंग
(04 वर्षीय पाठ्यक्रम)
प्रवेश योग्यता :
बारहवीं कक्षा उत्तीर्ण बायोलॉजी विषय एवं नर्सिंग प्रवेश परीक्षा 2025 में उत्तीर्ण

100% CAMPUS PLACEMENT

पोस्ट बेसिक बी.एस.सी. नर्सिंग
(02 वर्षीय पाठ्यक्रम)
प्रवेश योग्यता : जी.एन.एम.उत्तीर्ण एवं नर्सिंग प्रवेश परीक्षा 2025 में उत्तीर्ण

जी.एन.एम. नर्सिंग
(03 वर्षीय पाठ्यक्रम)
प्रवेश योग्यता :
बारहवीं कक्षा उत्तीर्ण



रस्तोगी कॉलेज ऑफ नर्सिंग
मॉडल टाउन, नेहरू नगर (पूर्व) भिलाई, जिला - दुर्ग (छ.ग.)
9300558900, 9300509100

## खबर संक्षेप

### सांई बाबा की प्राण-प्रतिष्ठा आज

**राजनांदगांव।** शहर के शंकरपुर में वार्डवासियों द्वारा कल 17 जुलाई को सांई बाबा की प्रतिमा स्थापना की जाएगी। इस अवसर पर प्राण-प्रतिष्ठा व पूजन कार्यक्रम सुबह 10 बजे से आयोजित की जाएगी।

वार्ड के अशोक कोर्राम ने बताया कि प्राण-प्रतिष्ठा के आयोजन पश्चात खीर, पुड़ी, खिचड़ी की प्रसादी वितरण किया जाएगा। इस दौरान विधि-विधान से प्रतिमा की स्थापना होगी। मंदिर परिसर में प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर विशेष साज-सज्जा की गई है।

### अशांति फैलाने पर युवक पर कार्रवाई

**राजनांदगांव।** अशांति फैलाने के आरोपी को पुलिस ने पकड़कर कार्रवाई की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार 15 जुलाई को चौकी चिखली में आम जनता की शिकायतों पर बदमाशों पर अंकुश लगाने हेतु पेट्रोलिंग कार्रवाई के दौरान अभियान के तहत अनावेदक गुलशन ताम्रकर 20 साल ग्राम बोरी को चौकी चिखली के मारपीट के अपराध में गिरफ्तार कर पृथक से धारा 170, 126, 135(3) बीएनएसएस के तहत कार्रवाई कर न्यायालय राजनांदगांव में पेश किया गया।

### दिशा की बैठक 26 को

**राजनांदगांव।** सांसद संतोष पाण्डेय की अध्यक्षता में 26 जुलाई को दोपहर 12 बजे जिला कार्यालय के सभाकक्ष में जिला स्तरीय जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक आयोजित की गई है। बैठक में सभी सदस्यों को उपस्थित होने का आग्रह किया गया है तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक जानकारी सहित बैठक में उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए है।

### नशीली दवाई के मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार

**राजनांदगांव।** उड़ीसा से नशीली दवाईयों को खपाने के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। जिनसे 14 पैकेट नाईट्रो 10 टेबलेट कुल 14 सौ नग बरामद किया गया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार कोतवाली एवं सायबर सेल पुलिस ने संयुक्त रूप से अभियान चलाकर 13 जुलाई को रेलवे स्टेशन आटो स्टैंड में नील गिडलानी 23 वर्ष सिंधी कालोनी गली नं. 7 को घेराबंदी कर पकड़ा। जिसके कब्जे से एक डिब्बे में भरा 20 पत्ता कुल 199 नाईट्रोटेन नशीली गोलिया कीमती 1560 रुपए जब्त किया। पुलिस के अनुसार आरोपी रविकांत सिंह राजपूत 37 वर्ष न्यू चंद्रा कालोनी पीटीएस के पास से उक्त टेबलेट को खरीदना स्वीकार करने पर धारा 21-बी एनडीपीएस एक्ट कायम कर आरोपी नील गिडलानी एवं रविकांत सिंह राजपूत को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में जेल भेजा गया है। पुलिस के अनुसार आरोपियों से पूछताछ पर कांटाभाजी उडीसा से थोक में खरीदकर राजनांदगांव लाकर बेचना बताने पर पुलिस टीम ने उडीसा जाकर नशीली दवाई के थोक विक्रेता एवं सप्लायर आरोपी विष्णु हाथी, पूर्णचंद्र मेहन एवं राहुल तांडी को घेराबंदी कर पकड़कर राजनांदगांव लाया। पुलिस के अनुसार पूछताछ पर 14 पैकेट नाईट्रो-10 टेबलेट नशीली गोलियां बिक्री हेतु रखना बताए। जिनके कब्जे से उक्त गोलियां कीमती लगभग 10920 रुपए एवं 3 नग टच स्क्रीन मोबाइल, नगदी रकम 4860 रुपए जब्त कर विधिवत गिरफ्तार कर कार्रवाई की गई। आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

## निधन

### गोपाल सोनकर



**नवागढ़।** नगर के सोनकर समाज नवागढ़ राज के पूर्व उपाध्यक्ष गोपाल सोनकर (72) का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार बुधवार को स्थानीय मुक्तिधाम नवागढ़ में धार्मिक विधि-विधान के साथ संपन्न हुआ। वे सोनकर समाज के प्रतिष्ठित व्यक्तित्व थे तथा समाजहित में सदैव सक्रिय रहे। श्री सोनकर, सोनकर समाज नवागढ़ राज के अध्यक्ष तथा शिक्षा विकास समिति प्रदेश सचिव मनोज पुरबिया के पिता थे।

---

**आयोजन**

# विशेष मतदाता पंजीयन शिविर में छात्रों को मतदाता बनने के लिए किया प्रेरित

### कलेक्टर ने युवाओं को मतदाता बनने के लिए किया प्रेरित, लोकतंत्र में सक्रिय भागीदारी का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

जिला मुख्यालय स्थित लक्ष्मण प्रसाद वैद्य कन्या महाविद्यालय में मतदाता जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विशेष शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर के माध्यम से 18 से 19 वर्ष की आयु वर्ग के पात्र छात्र-छात्राओं को मतदाता सूची में नाम जुड़वाने की प्रक्रिया से अवगत कराया गया। इस अवसर पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रणबीर शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। कलेक्टर ने विद्यार्थियों को लोकतंत्र की मजबूती में युवाओं की भागीदारी का महत्व समझाते हुए प्रेरणास्पद संबोधन दिया। उन्होंने कहा कि वोट देना केवल अधिकार नहीं, बल्कि यह हर नागरिक का कर्तव्य है। युवा देश का भविष्य हैं और लोकतंत्र को सशक्त बनाने में उनकी भागीदारी अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने छात्राओं से कहा कि जैसे ही कोई युवा 18 वर्ष की आयु पूर्ण करता है, उसे मतदाता सूची में नाम जुड़वाकर लोकतांत्रिक प्रक्रिया में भागीदारी सुनिश्चित करनी चाहिए। उन्होंने यह भी अपील की कि छात्राएं स्वयं के साथ-साथ अपने परिवार और समाज के लोगों को भी मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने के लिए प्रेरित करें। कलेक्टर श्री शर्मा ने कहा कि जब युवा जागरूक होता है, तभी लोकतंत्र मजबूत होता है। हर वोट की कीमत होती है और हमें यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी पात्र व्यक्ति मतदान से वंचित न रहे। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रकाश भारद्वाज ने बताया कि विद्यार्थियों की उपस्थिति और दस्तावेजों की पूर्ति के आधार पर नामांकन प्रक्रिया पूर्ण की जाएगी। उन्होंने बताया कि /"कोई मतदाता न छूटे/" इस संकल्प के साथ यह विशेष शिविर आयोजित किया गया है ताकि प्रत्येक युवा लोकतांत्रिक प्रणाली में भागीदारी निभा सके।

- कलेक्टर ने रंगोली एवं क्विज़ प्रतियोगिता में भाग लेने वाले विद्यार्थियों को दिए प्रोत्साहन स्वरूप उपहार

मास्टर ट्रेनर श्री सुनील झा ने बताया कि नामांकन की सुविधा ऑनलाइन एवं ऑफलाइन दोनों माध्यमों से उपलब्ध है, साथ ही विशेष कैंपों के माध्यम से प्रक्रिया को सरल बनाया गया है। शिविर में भाग लेने वाले विद्यार्थियों को ऑनलाइन फॉर्म-6 भरना अनिवार्य किया गया था। इसके लिए आधार कार्ड, 10वीं की अंकसूची, पासपोर्ट साइज फोटो तथा परिवार के किसी एक सदस्य का फोटो परिचय पत्र दस्तावेज साथ लाना आवश्यक बताया गया।



### प्रोत्साहन स्वरूप गिफ्ट प्रदान किए गए

प्रतियोगिता के अंत में कलेक्टर द्वारा क्विज़ प्रतियोगिता में भाग लेने वाले छात्र-छात्राओं और रंगोली प्रदर्शनी में भाग लेने वाली प्रतिभागियों को प्रोत्साहन स्वरूप गिफ्ट प्रदान किए गए। कलेक्टर ने विद्यार्थियों के रचनात्मक प्रयासों की सराहना करते हुए उन्हें लोकतंत्र के सजग प्रहरी बनने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में एडीएम डॉ. अनिल वाजपेयी, एसडीएम श्री प्रकाश भारद्वाज, महाविद्यालय के प्राचार्य, शिक्षकगण एवं सैकड़ों छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे। सभी ने मतदाता जागरूकता अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाने का संकल्प लिया। जिला प्रशासन ने सभी पात्र विद्यार्थियों से अपील की है कि वे निर्धारित तिथि को विशेष शिविर में आवश्यक दस्तावेजों के साथ उपस्थित होकर मतदाता सूची में नाम जुड़वाएँ और लोकतांत्रिक प्रक्रिया को सशक्त बनाने में अपनी भूमिका निभाएँ। यह विशेष शिविर जिला प्रशासन का एक अभिनव प्रयास है, जो युवाओं को लोकतंत्र में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित करने की दिशा में एक सशक्त कदम है।

### नुक्कड़ नाटक एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियां

यह विशेष शिविर मे छात्राओं ने भी नुक्कड़ नाटक एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से भी छात्राओं को मतदान के महत्व को रचनात्मक ढंग से समझाया गया। नाटक के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि प्रत्येक मतदाता की भूमिका लोकतंत्र के निर्माण में अहम होती है। आमजन को यह बताने का प्रयास किया कि मत देना केवल अधिकार नहीं, बल्कि एक जिम्मेदारी है। छात्राओं ने जीवंत अभिनय के माध्यम से मतदान न करने के दुष्परिणामों को भी दर्शाया। शिविर के दौरान उपस्थित विद्यार्थियों को लोकतंत्र को मजबूत बनाने एवं जागरूक नागरिक बनने की शपथ दिलाई गई। सभी ने संकल्प लिया कि वे जिम्मेदार नागरिक बनकर मतदान अवश्य करेंगे और दूसरों को भी इसके लिए जागरूक करेंगे। इस अवसर पर छात्राओं द्वारा चित्रकला एवं रंगोली प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, जिसका अवलोकन कलेक्टर श्री रणबीर शर्मा ने किया। साथ ही मतदान से संबंधित एक क्विज़ प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया जिसमें छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

---

# सेजेस कुसमी में इको क्लब का किया गठन



**बेरला।** स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल कुसमी में इको क्लब का गठन किया गया इसका मुख्य उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण औऱ बच्चों में नेतृत्व क्षमता का विकास करना है, क्लब का कप्तान आठवीं कक्षा के तरुण को बनाया गया तथा सभी कक्षाओं से समन्वयक बनाये गए है,शिक्षक यमन साहू ने इको क्लब फॉर मिशन लाइफ कार्यक्रम के तहत बच्चो को महत्वपूर्ण जानकारी दी उन्होंने स्वच्छता अभियान, पौधारोपण, जल संरक्षण, कचरा प्रबंधन के बारे में बताया.शाला के 10 बच्चे सहित शिक्षकों ने माँ के नाम पेड़ लगाए. बच्चो को पर्यवारण संरक्षण के लिए शपथ दिलाई गयी, इस कार्यक्रम में विशेष तौर पर शाला प्राचार्य एस.एस ठाकुर शाला प्रभारी ज्योति साहू एवं इको क्लब प्रभारी यमन साहू, सुरभी साहू के साथ सभी शिक्षकों कि उपस्थिति विशेष तौर पर रही.

# विश्व कौशल दिवस पर बेटियों के लिए हुई कैरियर काउंसिलिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

विश्व युवा कौशल दिवस के अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा /"बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ/" योजना अंतर्गत बेटियों के सशक्त भविष्य के लिए कैरियर काउंसलिंग सत्र का सफल आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम परियोजना बेरला के अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बैहरसरी एवं पचभैया में आयोजित किया गया। आयोजित इस सत्र का उद्देश्य बालिकाओं को शिक्षा के साथ-साथ जीवन कौशल, आत्मनिर्भरता तथा कैरियर संबंधी आवश्यक जानकारियाँ प्रदान करना था।

कार्यक्रम में विद्यालय की समस्त छात्राएं व शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। बालिकाओं को बताया गया कि समय पर लिया गया सही निर्णय जीवन में सफलता की कुंजी होता है, अतः उन्हें अभी से लक्ष्य निर्धारित कर, उचित मार्गदर्शन के साथ अपने भविष्य को सशक्त बनाना चाहिए।



इस अवसर पर एलईडी डिस्प्ले के माध्यम से चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, साइबर क्राइम, मासिक धर्म स्वच्छता एवं लैंगिक उत्पीड़न जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर वीडियो के माध्यम से छात्राओं को जागरूक किया गया। इसके अतिरिक्त किशोरी बालिकाओं को सेनेटरी पैड एवं /"संगिनी दीदी के गोठ/" पुस्तक वितरित की गई, जिसमें माहवारी स्वच्छता एवं आत्म-संरक्षण से संबंधित जानकारी दी गई है। कार्यक्रम में 'मिशन शक्ति' के अंतर्गत यह भी बताया गया कि कैसे किशोरियों को प्रशिक्षण, मार्गदर्शन और सहायता देकर उन्हें आत्मनिर्भर बनने के लिए तैयार किया जा रहा है। इस आयोजन में महिला एवं बाल विकास विभाग की संयुक्त टीम तथा विद्यालय के समस्त शिक्षकगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम ने बेटियों को न केवल आत्मविश्वास से भरने का कार्य किया, बल्कि उन्हें जीवन की दिशा तय करने हेतु प्रेरित भी किया।

### लेबर इंस्पैक्टर साहू की मूल विभाग में वापसी

**बेमेतरा।** कार्यालय कलेक्टर (श्रम) द्वारा जारी आदेश के अनुसार श्रम कल्याण निरीक्षक छलेश्वर साहू, जो कि कार्यालय श्रम पदाधिकारी बेमेतरा में प्लेसमेंट कर्मचारी के रूप में कार्यरत थे, उनकी सेवाएं मूल प्लेसमेंट को वापस कर दी गई हैं। यह निर्णय पार्षद सुश्री नीतू कोठारी द्वारा परशुराम वार्ड, नगर पालिका परिषद बेमेतरा से संबंधित शिकायत तथा कार्यालय श्रम पदाधिकारी बेमेतरा को प्राप्त पत्रों के आधार पर लिया गया। शिकायतों में आरोप था कि श्री साहू द्वारा शासन की योजनाओं से लाभान्वित अभ्यर्थियों को गलत प्रमाण पत्र प्रदान कर आर्थिक हानि पहुँचाई जा रही है। जांच के दौरान पाया गया कि उन्होंने रजिस्टर्ड ट्रेड यूनियन के नियुक्ति प्रमाण पत्रों का दुरुपयोग करते हुए पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ नहीं मिलने दिया। उक्त तथ्यों की पुष्टि होने पर अपर कलेक्टर, जिला बेमेतरा द्वारा श्री छलेश्वर साहू की सेवाएं तत्काल प्रभाव से मूल प्लेसमेंट को लौटाने का आदेश जारी किया गया। इस आदेश की प्रतिलिपि सचिव, श्रम संचालनालय तथा अन्य संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही हेतु भेजी गई है।

# कर्मचारी-अधिकारियों ने सौंपा ज्ञापन अनिश्चितकालीन हड़ताल की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव



लंबे समय से अपनी विभिन्न मांगों को लेकर समय-समय पर आंदोलन कर रहे शासकीय कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन द्वारा अपनी 11 सूत्रीय मांगों को लेकर आज कलेक्टोरेट कार्यालय के सामने प्रदर्शन करते हुई रैली निकाली गई। वहीं कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंचकर मुख्यमंत्री और मुख्य सचिव के नाम ज्ञापन सौंपकर चुनावी घोषणा पत्र में किए गए मोदी की गारंटी पूरी करने की मांग की गई।

छत्तीसगढ़ कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन द्वारा बुधवार को कलेक्टोरेट कार्यालय के सामने फ्लाई ओवर के नीचे एकत्रित होकर प्रदर्शन किया गया और रैली निकालकर अपनी विभिन्न मांगों को पूरी करने नारेबाजी की गई। इस दौरान ज्ञापन के माध्यम से 2 प्रतिशत महंगाई भत्ता, जुलाई 2019 से महंगाई भत्ते की लंबित एरियर्स राशि का समायोजन जीपीएफ खाते में करने, प्रदेश में चार स्तरीय पदोन्नत समयमान वेतनमान लागू करने, सहायक शिक्षक पद पर नियुक्त शिक्षक एवं सहायक पशु चिकित्सा अधिकारी को तृतीय समयमान वेतनमान स्वीकृत करने, कर्मचारियों के लिए कैशलेस चिकित्सा सुविधा लागू करने, शासकीय सेवकों को 300 दिवस अर्जित अवकाश नगदीकरण देने, पुरानी पेंशन के लाभ हेतु एनपीएस खाते में कटौती तिथि से सेवा गणना जाने सहित सेवानिवृत्त आयु 65 वर्ष करने की मांग की है।

**देर से ज्ञापन लेने की नाराजगी :** प्रदर्शन के दौरान कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन द्वारा ज्ञापन देने कलेक्टोरेट कार्यालय के गेट पर पहुंचने के बाद भी लगभग आधे घंटे तक ज्ञापन लेने अधिकारी के नहीं आने पर अपर कलेक्टर के सामने आंदोलनकारी कर्मचारी-अधिकारियों ने नाराजगी जाहिर की। इस मामले में संगठन के जिला संयोजक सतीश ब्यौहारे ने कहा कि 14 तारीख को प्रदर्शन और ज्ञापत देने की सूचना दी गई थी। इसके बावजूद अपर कलेक्टर ने आधे घंटे खड़े रखा, यह अच्छी बात नहीं है।

### एक बाइक में 4 सवार पुलिस ने की कार्रवाई

**राजनांदगांव।** एक बाइक चार लोग सवार होकर घूम रहे थे, जिन पर कार्रवाई की गई। वहीं अशांति फैलाने वाले के विरूद्ध प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत कार्रवाई की गई है। पुलिस सूत्रों के अनुसार असामाजिक तत्वों के विरूद्ध चलाए जा रहे सतत अभियान के तहत 15 जुलाई की संध्या चिखली चौकी क्षेत्र में अड्डेबाजी करने वाले नशेड़ी व्यक्तियों एवं असामाजिक तत्वों के विरुद्ध कार्रवाई करने के लिए चौकी चिखली पेट्रोलिंग पार्टी, लालबाग पेट्रोलिंग पार्टी एवं लाइन से प्राप्त बल के साथ संयुक्त रूप से क्षेत्र में सघन पेट्रोलिंग कर रहे थे। इस दौरान असामाजिक तत्व मिले। जिसमें नाबालिकों को समझाईश देकर उनके घर वालों के सुपुर्द कर आवश्यक कार्रवाई किया गया। साथ ही एक बाइक में चार लोग घूमने वालों के विरुद्ध मोटर व्हीकल एक्ट की कार्रवाई की गई एवं आरोपी वशिष्ठ उर्फ विक्की मानिकपुरी 22 वर्ष निवासी शांतिनगर को गिरफ्तार कर पृथक से धारा 170, 126, 135(3) बीएनएसएस के तहत कार्रवाई कर माननीय न्यायालय में पेश किया।

# नियमितीकरण सहित दस प्रमुख मांगों को लेकर दो दिवसीय हड़ताल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ प्रदेश एनएचएम कर्मचारी संघ के बैनर तले अपनी 10 प्रमुख मांगों पर प्रदेश सरकार का ध्यान आकर्षण कराने एनएचएम कर्मचारियों ने दो दिवसीय हड़ताल की शुरूआत की। इस दौरान अपनी विभिन्न मांगों को लेकर कर्मचारियों ने थाली बजाते शहर में रैली निकाली। 10 सूत्रीय लंबित मांगों को लेकर एनएचएम कर्मचारी 2 दिन से हड़ताल पर चले गए हैं। संविदा कर्मचारियों ने कलेक्टोरेट कार्यालय के सामने प्रदर्शन करते अपनी मांगों को लेकर आवाज बुलंद की और प्रदेश सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते रैली निकाली। जिला स्तरीय इस प्रदर्शन और रैली में बड़ी संख्या में एनएचएम कर्मचारी शामिल हुए। अपनी प्रमुख मांगों को लेकर हड़ताल कर रहे एनएचएम कर्मचारियों में नियमितीकरण, ग्रेड-पे निर्धारण, मेडिकल अवकाश, पब्लिक हेल्थ कैडर की स्थापना, लंबित 27 प्रतिशत वेतन वृद्धि सहित अन्य मांगों को लेकर प्रदर्शन किया।



### प्रदेश सरकार से मांग

एनएचएम यूनियन की जिला अध्यक्ष अंजलि कठौलिया ने कहा कि इस प्रदर्शन के माध्यम से प्रदेश सरकार से संविदा कर्मचारियों को नियमित करने, मेडिकल अवकाश की सुविधा देने और अनुकंपा नियुक्ति सहित सिविलियन, स्थानांतरण नीति, स्वास्थ्य नीति बनाने मांग रखी जा रही है।

**वादे पूरी करने मुख्यमंत्री को ज्ञापनः** प्रदर्शन के दौरान उन्होंने प्रदेश सरकार से मोदी की गारंटी में किए गए वादों को पूरा करने नारेबाजी की। वहीं कलेक्टोरेट कार्यालय के सामने से धरना प्रदर्शन के बाद हाथ में तख्ती और थाली बजाते हुए रैली निकालकर अपनी मांगे पूरी नहीं होने को लेकर विरोध जताया और कलेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा।

---

**इस महीने के अंत तक जारी हो सकती है जिला भाजपा की सूची**

# मंडलों के बाद अब जिला कार्यकारिणी का इंतजार महिलाओं के साथ नए चेहरों को मिलेगा टीम में मौका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

जिला भाजपा ने अपने सभी 16 मंडल की कार्यकारिणी जारी कर दी है। मंडलों की कार्यकारिणी जारी होने के बाद अब जिला संगठन के विस्तार पर चर्चा शुरू हो गई है। जल्द ही जिला कार्यकारिणी की सूची भी जारी की जा सकती है। बताया गया कि मंडल की तरह ही जिला कार्यकारिणी में भी महिलाओं को 30 फीसदी भागीदारी देने के साथ ही नए चेहरों को मौका दिया जाएगा।

ज्ञात हो कि पिछले साल ही भाजपा प्रदेश संगठन ने जिला भाजपा अध्यक्ष के रूप में कोमल सिंह राजपूत एवं महामंत्री के तौर पर सौरभ कोठारी के नाम का ऐलान किए थे। इन दोनों को ही छोड़कर बाकी सभी पदों पर नए लोगों को शामिल किया जाना है। भाजपा सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मोटे तौर पर जिला कार्यकारिणी तैयार भी कर ली गई है। अब शीर्ष नेताओं से रायशुमारी कर नामों का ऐलान कर दिया जाएगा। ऐसा माना जा रहा है कि हर नेता के पाले से कुछ नामों को इस कार्यकारिणी में स्थान मिलेगा। बताया गया कि कार्यकारिणी में जिन लोगों को शामिल किया जाना है, उसको लेकर एक सूची तैयार भी कर ली गई है। अब इसमें अंतिम संशोधन कर इसे जारी कर दिया जाएगा।



### सभी गुट से लिए जाएंगे लोग

भाजपा की जिला कार्यकारिणी में सभी गुट के लोगों को स्थान देने के लिए मंथन किया जा रहा है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार शीर्ष नेता अपने चहितों को स्थान दिलाना चाहते है, ऐसे में बेहतर तालमेल के साथ टीम बनाने पर जोर दिया जा रहा है। कार्यकारिणी बनाने का काम इस महिने पूरा कर घोषित भी कर दिया जाएगा।

### संगठन में होंगे दो महामंत्री, चार उपाध्यक्ष

मिली जानकारी के अनुसार मंडल की तरह ही जिला भाजपा की कार्यकारिणी में भी दो महामंत्री बनाए जाने है, इनमें एक सौरभ कोठारी बनाए जा चूकें है। ऐसे में दूसरे महामंत्री का चयन किया जाएगा। इसके अलावा कार्यकारिणी में चार उपाध्यक्ष, तीन मंत्री, कोषाध्यक्ष, कार्यालय प्रभारी, मीडिया प्रभारी सहित करीबन 22 से 26 लोगों की टीम तैयार की जाएगी। खास बात यह है कि इनमें लगभग 30 फीसदी यानि 6 से 8 महिलाओं को स्थान दिया जाएगा।

